# Causative Verbs (Get & Make)

**"Causative Verbs का प्रयोग तब किया जाता है जब Subject काम को करता नहीं बल्कि करवाता है। अर्थात किसी तीसरे व्यक्ति के माध्यम से।"**
यूँ तो 'Get' का मतलब होता है पाना और 'Make' का मतलब होता है बनाना पर **'Get'** और **'Make'** Causative Verbs भी कहलाती हैं।

**"Causative Verbs are used when the subject doesn't perform the action (verb) himself but get it done by a third person."**
**There are two causative verbs in English; Get & Make.**

**अगर मैं कहूँ 'राम ने मुझे भिजवाया', यहाँ पर राम Subject है। राम मुझे भेज नहीं रहा बल्कि भिजवा रहा है। 'भेजने' का काम कोई और कर रहा है। इस तरह के वाक्यों में मुख्य क्रिया (main verb) 'Get' या 'Make' होगी पर ये जानना बेहद ज़रुरी है कि 'Get' कहाँ पर लगेगा और 'Make' कहाँ पर।**

| ***Normal Case*** | ***Causative Case*** |
|---|---|
| मैंने किया । | मैंने करवाया । |
| राम ने भेजा। | राम ने भिजवाया। |
| बच्चा पढ़ता है। | बच्चा पढ़वाता है। |
| मैंने पत्र लिखा। | मैंने पत्र लिखवाया। |
| तुमने बुलाया था। | तुमने बुलवाया था। |
| मैंने कार सजायी। | मैंने कार सजवायी। |
| वो भेज सकता है। | वो भिजवा सकता है। |

## Get

***'Get' का प्रयोग निर्जीव चीजों के साथ होगा। ('Get' will be used with non living)***

***Concept :-***
राम ने पत्र लिखवाया। यहाँ पर पत्र निर्जीव (non living) है। इसलिए 'Get' का प्रयोग Main Verb की तरह होगा। दूसरी Main Verb 'लिखना' यानि 'Write' है जिसकी 3rd form प्रयोग होगी। याद रखें Get वाले वाक्यों में दूसरी Main Verb जो भी हो उसकी 3rd Form ही लगती है।

***Example:***

| | | |
|---|---|---|
| 1. | राम पत्र लिखवाता है। | Ram gets the letter written. |
| 2. | मैं पत्र लिखवाता हूँ। | I get the letter written. |
| 3. | राम पत्र लिखवा रहा है। | Ram is getting the letter written. |
| 4. | राम पत्र लिखवा चुका है। | Ram has got the letter written. |
| 5. | राम ने पत्र लिखवाया । | Ram got the letter written. |
| 6. | राम पत्र लिखवा रहा था। | Ram was getting the letter written. |
| 7. | राम पत्र लिखवा चुका था। | Ram had got the letter written. |

8. राम पत्र लिखवायेगा। Ram will get the letter written.
9. राम पत्र लिखवा सकता है। Ram can get the letter written.
10. राम को पत्र लिखवाना चाहिए। Ram should get the letter written.

# Make

***'Make' का प्रयोग सजीव के साथ होगा। ('make' will be used with living being)***

***Concept :-***

राम ने मुझसे लिखवाया। यहाँ पर मैं सजीव (living being) हूँ। इसलिए 'Make' का प्रयोग Main Verb की तरह होगा। दूसरी Main Verb 'लिखना' यानि 'Write' है जिसकी 1st form प्रयोग होगी। याद रखें Make वाले वाक्यों में दूसरी Main Verb जो भी हो उसकी 1st Form ही लगती है। और दूसरी बात ये कि दूसरी Main Verb वो होती है जो subject नहीं बल्कि object करता है। अगर मैं कहूँ कि "राम ने मुझे भिजवाया"। यहाँ पर subject है राम object हूँ मैं। मैंने क्या काम किया "जाने का"। इसलिए दूसरी Main Verb 'send' नहीं बल्कि 'go' है।

***Example:***

1. राम मुझसे लिखवाता है। Ram makes me write.
2. मैं तुमसे लिखवाता हूँ। I make you write.
3. तुम मुझे भिजवाते हो। You make me go.
4. सीता हमसे किताब पढ़वा रही है। Seeta is making us read the book.
5. तुम मुझसे पैसे खर्च करवाओगे। You will make me spend the money.
6. मैं राम को तुमसे पिटवाऊँगा। I will make you beat Ram. (पीटने का काम तुम करोगे)
7. मैं राम से तुम्हें पिटवाऊँगा। I will make Ram beat you. (पीटने का काम राम करेगा)
8. मैं तुमसे पिटवाऊँगा। I will make you beat. (पीटने का काम तुम करोगे)
9. मैं तुम्हें पिटवाऊँगा। I will make you be beaten.
(पीटने का नहीं बल्कि पिटने का काम तुम करोगे यानि तुम पिटोगे)

ध्यान रहे कि किसी को पीटने को beat कहते हैं पर किसी से पिटने को be beaten कहते हैं।

***थोड़ा और समझिए (Let's understand a bit more)***

1. मैं लिखूँगा। I will write.
2. मैं लिखवाऊँगा। I will make write.
3. मैं तुमसे लिखवाऊँगा। I will make you write.
4. मैं तुमसे पत्र लिखवाऊँगा। I will make you write a letter. / I will get the letter written by you.
5. मैं पत्र लिखवाऊँगा। I will get the letter written.

4th sentence में 'Get' और 'Make' दोनों में से कोई सा भी प्रयोग कर सकते हैं क्योंकि इसमें living(तुमसे) और non living(पत्र) दोनों हैं।

***कुछ महत्वपूर्ण (Something Important)***

'smile', 'laugh', 'cry', 'weep', 'understand', 'happy', 'sad' के साथ हमेशा 'Make' का प्रयोग होता है।

1. मैं तुम्हें खुश करुँगा। I will make you happy.
2. मैं तुम्हें हँसाऊँगा। I will make you smile/laugh.
3. मैं तुम्हें रुलाऊँगा। I will make you weep/cry.
4. मैं तुम्हें दुख दूँगा। I will make you sad. / I will hurt you.
5. मैं तुम्हें समझाऊँगा। I will make you understand.